**बृजमोहन अग्रवाल**
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5 / 1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3668...../ सांसद रायपुर लोकसभा / रायपुर, दिनांक 04/05/2025

प्रति,

श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी
मान. मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
छत्तीसगढ़।

**विषय :– एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा रायपुर में ओपन हार्ट सर्जरी एवं बायपास सर्जरी की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराने बाबत।**

–00–

महोदय,

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा रायपुर प्रदेश का एकमात्र शासकीय सेंटर है जहां पर बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है किन्तु अत्यंत पीडा के साथ यह कहना पड रहा है कि अनेक दिशा–निर्देशों, समय–समय पर किये जा रहे व्यवस्थाओं के बाद भी इस सेंटर से हृदय रोग से संबंधित सर्जरी का फायदा प्रदेश के गरीब जनता को नहीं मिल पा रहा है और प्रदेश की गरीब जनता निजी अस्पतालों में लूट के शिकार होने के लिए मजबूर है।

मेकाहारा रायपुर में स्थित इस सेंटर (हार्ट का हॉस्पिटल) में बायपास सर्जरी एवं ओपन हार्ट सर्जरी पूर्णतः बंद है। स्वसाशी परिषद की बैठक में आपकी उपस्थिति में भी इस सेंटर में सर्जरी प्रारंभ करने की भी चर्चा हुई थी। किन्तु प्रशासन के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के चलते सर्जरी का कार्य वर्तमान में बंद है। गरीब मरीजों को सिर्फ तारीख पर तारीख दी जा रही है झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, मरीज असमय ईलाज के अभाव में दम तोड़ने को मजबूर है और सिर्फ अपनी पारी का इंतजार कर रहे है या फिर गरीब मरीज अपना घर जमीन बेचकर निजी अस्पतालों में ईलाज कराने के लिए बाध्य हो रहे है।

मेरा आपसे आग्रह है कि आप स्वयं वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर इस विषय में पूर्ण व्यवस्था कर तत्काल निर्देश करें जिससे एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा रायपुर में प्रदेश के गरीब जनता को हृदय रोग की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो सकें।

सादर,

(बृजमोहन अग्रवाल)